भारत सरकार
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय
(खेल विभाग)

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 2231

उत्तर देने की तारीख 21 दिसम्बर, 2023
30 अग्रहायण, 1945 (शक)

खेल अवसंरचना

2231 श्री कार्तिकेय शर्माः

क्या युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) विगत पांच वर्षों के दौरान खेल सुविधाओं और अवसंरचना में वृद्धि करने के लिए मंत्रालय द्वारा राज्य-वार कितना व्यय किया गया है;

(ख) मंत्रालय द्वारा हरियाणा राज्य में एथलीटों और खेल अवसंरचना को सहायता प्रदान करने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं और पिछले पांच वर्षों के दौरान इस पर कुल कितना व्यय किया गया है; और

(ग) सरकार द्वारा पारंपरिक खेलों को बढ़ावा देने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं?

उत्तर

युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री
(श्री अनुराग सिंह ठाकुर)

(क) और (ख): युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय हरियाणा राज्य सहित देश में खेलों के विकास, एथलीटों को सहायता प्रदान करने और खेल अवसंरचना के निर्माण के लिए निम्नलिखित स्कीमें लागू करता है:

(i) खेलो इंडिया-राष्ट्रीय खेल विकास कार्यक्रम; (ii) राष्ट्रीय खेल परिसंघों को सहायता; (iii) अंतर्राष्ट्रीय खेल स्पर्धाओं के विजेताओं और उनके कोचों को विशेष पुरस्कार; (iv) राष्ट्रीय खेल पुरस्कार; (v) मेधावी खिलाड़ियों को पेंशन; (vi) पंडित दीनदयाल उपाध्याय राष्ट्रीय खेल कल्याण स्कीम ; (vii) राष्ट्रीय खेल विकास निधि; और (viii) भारतीय खेल प्राधिकरण के माध्यम से खेल प्रशिक्षण केंद्रों का संचालन।

उपरोक्त स्कीमों का विवरण इस मंत्रालय और भारतीय खेल प्राधिकरण की वेबसाइट पर पब्लिक डोमेन में उपलब्ध है।

इस मंत्रालय में धनराशि स्कीम-वार आवंटित की जाती है न कि राज्य-वार। इस मंत्रालय द्वारा पिछले पांच वर्षों और चालू वर्ष के दौरान खेल अवसंरचना/खेल सुविधाओं के विकास और एथलीटों की सहायता करने सहित विभिन्न खेल प्रोत्साहन स्कीमों के तहत आवंटित और व्यय की गई धनराशि का वर्ष-वार विवरण निम्नानुसार है:

(करोड़ रु.)

वित्तीय वर्ष	आवंटित धनराशि	व्यय की गई धनराशि
2018-19	1381.52	1297.38
2019-20	2000.00	1989.39
2020-21	1313.40	1304.12
2021-22	1993.00	1748.76
2022-23	1907.69	1879.99
2023-24	2462.59	1416.03 (30.11.2023 तक)

(ग) खेलो इंडिया स्कीम के "ग्रामीण और देशज/जनजातीय खेलों का संवर्धन" उप-घटक और देशज खेल और मार्शल आर्ट (आईजीएमए) और भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) की राष्ट्रीय खेल प्रतिभा प्रतियोगिता (एनएसटीसी) स्कीम के अखाड़ों के अंतर्गत देश में पारंपरिक/देशज खेलों को बढ़ावा दिया जाता है। इसके अलावा, मल्लखंब, कलारीपयट्टू, गतका, थांग-टा, योगासन और सिलंबम के देशज/पारंपरिक खेलों को खेलो इंडिया गेम्स में शामिल किया गया है।

*****